हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, मंगलवार, 2 दिसंबर 2025

तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

12 दो राज्यों को जोड़ने वाले रोड पर अतिक्रमण



12 श्रीमद्भागवत गीता के व्यवहारिक ज्ञान को धारण करें जीवन में : उपायुक्त




## खबर संक्षेप

### कैंटर की चपेट में आने से बाइक चालक घायल

**बावल।** औद्योगिक एरिया में एक कंपनी के पास कैंटर की चपेट में आकर बाइक सवार कंपनी कर्मचारी घायल हो गया। यूपी के इटराना निवासी विजय कुमार एक कंपनी में नौकरी करता है। वह घर से बाइक लेकर कंपनी के लिए निकला था। कंपनी से कुछ दूर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सड़क हादसे में घायल युवक के बयान पर गत 11 नवंबर को केस दर्ज किया था। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच करते हुए राजस्थान के मांठोड़ा निवासी इस्माइल खान को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 18 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने गुरूग्राम के डूंडाहेड़ा निवासी अरुण को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### पोक्सो एक्ट में फरार आरोपी भेजा जेल

**रेवाड़ी।** सदर थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट सहित कई धाराओं के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक नाबालिग को अश्लील वीडियो के आधार पर शिकार बनाने के आरोप में 29 नवंबर को केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अशोक को गिरफ्तार कर लिया। उसका मोबाइल फोन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### मारपीट का आरोपी बाइक सहित गिरफ्तार

**बावल।** कसोला थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर 30 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने एक आरोपी मुकुंदपुर बसई निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में प्रयुक्त बाइक भी पुलिस ने कब्जे में ले ली। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### संजीव हत्याकांड के आरोपी भेजे जेल

**रेवाड़ी।** गुलाबपुरा निवासी संजीव हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। लग्न समारोह के दौरान हुए विवाद के बाद कुछ लोगों ने मिलकर संजीव पर हमला कर दिया था, जिससे उसकी पीजीआई रोहतक में मौत हो गई थी। इस मामले में सीआईए और रामपुरा पुलिस ने गुलाबपुरा निवासी पुष्पेंद्र और बोड़िया कमालपुर निवासी गौरव को गिरफ्तार किया था। रिमांड पूरा होने के बाद सोमवार को दोनों कोर्ट में पेश किए गए, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

*अलर्ट: राजस्थान सीमा पर लगा रहता है डंपरों का जमावड़ा, नेशनल हाइवे पर बन रहे जाम जैसे हालात*

# करीब आ रहा कोहरे का सीजन, हाइवे पर खड़े हो रहे डंपर, कभी भी हो सकता बड़ा हादसा

**नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी**

डीजीपी ओपी सिंह ने नेशनल हाइवे पर खड़े होने वाले वाहनों के खिलाफ इंपाउंड करने की कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए हैं, ताकि कोहरा पड़ने पर इन वाहनों से दूसरे वाहन टकराकर दुर्घटनाग्रस्त नहीं हों। जिले के दो प्रमुख नेशनल हाइवे पर राजस्थान सीमा का अवलोकन किया जाए, तो दिन-रात यहां बड़ी संख्या में डंपर खड़े रहते हैं। इन डंपरों के कारण हाइवे बाधित तो होते ही हैं, साथ ही कोहरे के कारण इनसे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। राजस्थान से बड़ी संख्या में खनिज सामग्री प्रदेश के साथ-साथ दिल्ली व दूसरे राज्यों तक जाती है। इस सामग्री को जाने वाले डंपर ज्यादातर ओवरलोड चलते हैं। यह डंपर प्रमुख रूप से दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे और जैसलमेर नेशनल हाइवे से प्रदेश की सीमा में प्रवेश करते हैं। चेकिंग के डर से रास्ता क्लियर होने तक इन डंपरों को दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर जयसिंहपुर खेड़ा बैरियर के पास रोक दिया जाता है। नारनौल से आने वाले डंपरों को राजस्थान के काठूवास टोल प्लाजा पर खड़ा कर दिया जाता है। दर्जनों की संख्या में हाइवे पर डंपर खड़े होने के बाद सड़क पर दूसरे वाहन निकलने के लिए पर्याप्त जगह तक नहीं मिल पाती। देश का सबसे व्यस्त नेशलन हाइवे होने के कारण दिल्ली-जयपुर मार्ग पर खेड़ा बॉर्डर के पास बड़ी संख्या में डंपर खड़े होने से जाम जैसे हालात बने रहते हैं। सीमा राजस्थान की होने के कारण इन डंपरों के खिलाफ स्थानीय पुलिस और आरटीए की टीम दोनों ही कार्रवाई नहीं कर पाते। राजस्थान में 'सेटिंग' के खेल के चलते ऐसे वाहनों को सड़क से नहीं हटवाया जाता। कई बार रात के समय तो नेशनल हाइवे पर इन डंपरों के कारण कई किलोमीटर लंबा जाम लग जाता है, जिससे दूसरे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।


> सीमा राजस्थान की होने के कारण इन डंपरों के खिलाफ स्थानीय पुलिस और आरटीए की टीम दोनों ही कार्रवाई नहीं कर पा रही



नेशनल हाइवे पर सड़क पर खड़े भारी वाहन व डंपर

### सूचना मिलते ही सीमा पर लग जाते ब्रेक

नेशनल हाइवे से निकलने वाले ओवरलोड डंपरों के मालिकों की आरटीए कार्यालय के ही चंद भ्रष्ट अधिकारियों या कर्मचारियों के साथ पूरी सांठगांठ बनी हुई है। जब भी ओवरलोड डंपरों की चेकिंग के लिए टीम हाइवे पर उतरती है, तभी डंपर मालिकों तक इसकी सूचना पहुंच जाती है। डंपर चालक मालिकों से सूचना मिलते ही वाहनों को राजस्थान की सीमा में ही रोक देते हैं, जिस कारण चेकिंग टीमों के पल्ले कुछ खास नहीं पड़ पाता। यह सिलसिला काफी समय से चल रहा है।



### जल्द शुरू किया जाएगा अभियान



नेशनल हाइवे के साथ-साथ दूसरे मार्गों पर भी सड़क पर वाहन खड़े करने वाले चालकों के खिलाफ अभियान शुरू किया जाएगा। राजस्थान की सीमा में खड़े होने वाले वाहनों पर कार्रवाई के लिए राजस्थान पुलिस से संपर्क साधा जाएगा। कोहरे के समय हादसों को टालने के लिए ऐसे वाहनों को किसी भी तरह की कोई छूट नहीं दी जाएगी।

*-पवन कुमार, डीएसपी ट्रैफिक।*

### काठूवास टोल प्लाजा बना ठिकाना

जैसलमेर नेशनल हाइवे पर काठूवास टोल प्लाजा को ओवरलोड डंपर चालकों ने सुरक्षित ठिकाना बनाया हुआ है। यहां दिन और रात के समय बड़ी संख्या में डंपर खड़े किए जाते हैं। टोल प्लाजा के आसपास सड़क पर इन डंपरों का बड़ी संख्या में जमावड़ा रहता है, जिस कारण दूसरे वाहनों का निकलना मुश्किल बना रहता है। खासकर आरटीए टीम के चेकिंग पर होने की सूरत में यहां डंपरों की संख्या काफी बढ़ जाती है। राजस्थान की सीमा होने के कारण आरटीए टीम इन डंपरों पर कोई एक्शन नहीं ले पाती।

### कोहरे के दौरान बड़े हादसे की आशंका

दिसंबर माह की शुरूआत होने के बाद कोहरा कभी गिरना शुरू हो सकता है। कोहरे के दौरान नेशनल हाइवे पर खड़े होने डंपर दूसरे वाहन चालकों को दूर से नजर नहीं आते। हाइवे पर रफ्तार तेज होने के कारण वाहन डंपरों में घुसकर हादसों का शिकार हो सकते हैं। यह हालात दोनों प्रमुख नेशनल पर न सिर्फ रात, बल्कि दिन के समय भी बने रहते हैं। राजस्थान सीमा पर खड़े होने वाले डंपरों की संख्या कई बार 100 का आंकड़ा भी पार कर जाती है। ऐसे में कोहरा शुरू होने के बाद नेशनल हाइवे पर हादसे बढ़ सकते हैं।

## कंपनी से केबल चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल**

कसोला थाना पुलिस ने सेक्टर-8 की एक कंपनी में कॉपर केबल चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई केबल के तार बरामद किए गए हैं। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस शिकायत में एक कंपनी के एचआर डिप्टी मैनेजर मुकेश ने बताया था कि कंपनी एक कर्मचारी भालखी माजरा निवासी सीताराम ने उसे 28 नवंबर को कंपनी के स्टोर से लगभग 500 मीटर पॉलीकैब कॉपर केबल चोरी हो गई है। इसके बाद उसने कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड यशपाल व प्रवीण से पूछताछ की। दोनों को रात के समय सिक्योरिटी टाइट करने को कहा गया। 29 नवंबर को दोनों सिक्योरिटी गार्ड ने उसे बताया कि रात के यमय करीब दो बजकर तीस मिनट पर दो लोग कंपनी की दीवार फांदकर भागे हैं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मुकेश शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने बनीपुर चौक के पास झुग्गियों में रह मूल रूप से राजस्थान के अजमेर जिला निवासी प्रहलाद और कैलाश को गिरफ्तार कर लिया।

### झुग्गियों में रहने वाले संदेह के घेरे में

चोरी की इस वारदात में झुग्गियों में रहने वाले लोगों की गिरफ्तारी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि झुग्गियों में आपराधिक किस्म के लोग भी अपना ठिकाना बना सकते हैं। पूर्व में भी कई बार चोरी के मामलों में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी झुग्गियों से हो चुकी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सोमवार को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायती रेल सेवा शुरू कराने की मांग



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद वरिष्ठ नागरिक। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** लोक जनसेवा मंच की बैठक सोमवार को हरिओम अग्रसेन परिसर में हुई, जिसे वरिष्ठ नागरिक सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। लोक जन सेवा मंच के प्रधान रमेश मुद्गल ने सभी वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के बारे में विचार-विमर्श किया। बैठक में बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को रेल विभाग की ओर से रेल टिकट यात्रा व आरक्षण बुकिंग में कोरोना कल से पहले 40 परसेंट की छूट का प्रावधान था। कोरोना काल के बाद सरकार ने इसे बंद कर दिया था। वरिष्ठ नागरिकों की मांग है कि इस रियायत को फिर से लागू किया जाए ताकि, वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिल सके। इसके लिए रेल मंत्री को भी पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुरारी लाल शर्मा, लक्ष्मी नारायण, महेंद्र गोयल, मोतीलाल सैनी, राम अवतार शर्मा, अनिल वर्मा, राधेश्याम शर्मा, शमशेर सिंह यादव, पुरुषोत्तम कौशिक, धर्मवीर यादव, फतेहचंद यादव, विमला शर्मा, ईश्वर सिंह आर्य, हरि शंकर शास्त्री, खुशीराम शर्मा, सुरेश कुमार, रविंद्र आदि शामिल थे।

## दुकान का ताला तोड़कर चोरी पुलिस ने काबू किए दो आरोपी

**बावल।** प्राणपुरा रोड पर रविवार की रात एक इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया गया। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज के आधार पर पहचान करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से सामान बरामदगी के लिए पूछताछ की जा रही है। जटवाड़ा मोहल्ला निवासी सुरेंद्र की प्राणपुरा रोड पर इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। रविवार की रात वह दुकान बंद करने के बाद अपने घर चला गया। सोमवार को सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो शटर का ताला टूटा हुआ था। चोर दुकान के काउंटर से हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। उसने तुरंत डायल-112 पर फोन किया। इसके साथ ही दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की। उसमें दो व्यक्ति दुकान में चोरी करते हुए नजर आए। पुलिस ने फुटेज के आधार पर बावल निवासी अजीत व उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपियों ने बताया कि चोरी का सामान एक अन्य व्यक्ति के कमरे में रखा हुआ है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने सामान भी बरामद कर लिया। आरोपियों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया गया।



सीसीटीवी फुटेज में चोरी करते नजर आ रहे आरोपी।

## दुकान पर गए युवक पर तानी पिस्तौल पुलिस ने तुरंत काबू किए तीन आरोपी



रेवाड़ी। युवक पर पिस्तौल तानने के मामले काबू किए गए आरोपी।

*रेवाड़ी। रविवार की रात पीथड़ावास में एक दुकान पर गए युवक के साथ मारपीट करते हुए उस पर पिस्तौल तान दी। पुलिस ने सूचना मिलते ही तवरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को दबोच लिया। उनके कब्जे से एक देशी पिस्तौल व 7 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। उनके खिलाफ रामपुरा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।पुलिस शिकायत में पीथड़ावास निवासी रवि ने बताया कि वह रात को करीब साढ़े 10 बजे पुन्सिका निवासी सोनू उर्फ महाराज की दुकान पर अंडे लेने के लिए गया था। दुकान पर पीथड़ावास निवासी लवकेश और पुन्सिका निवासी मनोज कुमार पहले से ही बैठे हुए थे। उसने आरोप लगाया कि दुकान के अंदर जाते ही उसके गांव के लवकेश ने कहा कि तू ज्यादा बदमाशी करता है। तेरी अकड़ निकालनी पड़ेगी। इसके बाद तीनों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। लवकेश ने पिस्टल निकालकर उसके माथे पर तान दी। इसके बाद उसे लात-घूसों से पीटना शुरू कर दिया। मौका पाकर उनके चंगुल से निकलते हुए उसने डायल-112 पर फोन किया। फोन करने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तो तीनों आरोपी वहां से फरार हो गए। ईआरवी स्टाफ ने रामपुरा एसएचओ को घटना की जानकारी दी। एसएचओ संजय कुमार ने सूचना मिलने के बाद एक ओर जहां रवि की शिकायत पर केस दर्ज कराया, वहीं पुलिस टीम भेजकर संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इसके बाद तीनों आरोपियों को रात को ही काबू कर लिया गया। लवकेश के कब्जे से पुलिस ने पिस्टल व कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।*

# पुलिस ने चलाया विशेष अभियान, एक सप्ताह में किए 1326 चालान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी**

एडीजीपी यातायात एवं हाईवे हरदीप सिंह दून के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा-निर्देश पर गत 24 नवम्बर से 30 नवम्बर तक जिला पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव, वाहन में तेज डीजे/प्रेशर हॉर्न बजाने, लेन चेंज नियमों की अवहेलना करने व बुलेट पटाखा छोड़ कर हवा बाजी करने वालों के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया। इस अभियान के तहत 1326 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस ने सड़क सुरक्षा, यातायात अनुशासन और सार्वजनिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए यह विशेष अभियान चलाया था। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी और प्रभावी कार्रवाई की गई। एसपी ने बताया कि पुलिस ने इस सप्ताह के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 47 वाहन चालकों के चालान किए है। अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं वह अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं साथ में सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालक के लिए भी खतरा बन जाते है।



रेवाड़ी। चेकिंग के दौरान एक स्कूल बस की जांच करते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### प्रेशर हॉर्न बजाने वालों पर भी एक्शन

*एसपी ने बताया कि कुछ लोग गाड़ी में तेज डीजे/प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने के साथ-साथ लोगों में दहशत और असुविधा पैदा करते है। कई बार इस तरह की हरकतें सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बन जाती हैं। इस सप्ताह के दौरान रेवाड़ी पुलिस ने गाड़ी में तेज डीजे/प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले व बुलेट पटाखा छोड़ कर हवा बाजी करने वाले 2 वाहन चालकों पर शिकंजा कसा है। उन्होंने बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़ कर हवा बाजी करने वालों को सचेत करते हुए कहा कि अभी केवल रेवाड़ी पुलिस चालान ही कर रही है संभल जाएं अन्यथा इस अपराध के लिए मुकदमा का भी प्रावधान है।*

## डीसी ने ग्राम पंचायत कालाका के वार्ड नंबर 1 और 5 के पंच किए पदमुक्त

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने ग्राम पंचायत कालाका के वार्ड नंबर एक के पंच सचिन और वार्ड नंबर 5 के पंच धीरज को पदमुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही पुनः चुनाव लड़ने के लिए पांच वर्षों के लिए अयोग्य घोषित किए हैं। डीसी ने यह कार्रवाई खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रेवाड़ी द्वारा भेजी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोप प्राथमिक तौर सिद्ध पाए जाने पर की है। डीसी अभिषेक मीणा ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51(3) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ग्राम पंचायत कालाका के वार्ड नंबर 1 के पंच सचिन और वार्ड नंबर 5 के पंच धीरज को पदमुक्त करते हुए निर्देश दिए हैं कि भविष्य में ग्राम पंचायत की किसी भी बैठक में भाग नहीं लेंगे और उनके पास मौजूद ग्राम पंचायत की कोई भी संपति या सामान सरपंच को सौंपना सुनिश्चित करेंगे। डीसी ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51(4) के तहत पुनः चुनाव लडने के लिए 5 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किए हैं।

> ■ पुन : चुनाव लड़ने के लिए पांच वर्ष तक किए अयोग्य घोषित

**सप्ताह के अंत में मौसम में आ सकता है बदलाव, बादलों के बीच बूंदाबांदी होने की संभावना**

# रात का पारा 1.8 डिग्री सेल्सियस गिरा, बढ़ने लगी ठिठुरन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी**

दिन में आसमान साफ रहने के कारण धूप कड़ाके की ठंड से राहत दिला रही है, परंतु रात के तापमान में कमी से ठिठुरन बढ़ने लगी है। प्रदूषण का खतरा सुबह के समय ज्यादा बना रहता है। इस सप्ताह के अंत में आसमान में बादल छाने और कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी होने की संभावना जताई जा रही है।

सोमवार को दिन की शुरूआत साफ आसमान और तेज धूप के साथ हुई। अधिकतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस की मामूली वृद्धि के साथ 24.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात का तापमान 1.8 डिग्री की गिरावट के साथ 6.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रात के तापमान में कमी के कारण सुबह के समय कड़ाके की ठंड का असर देखने को मिला। इस समय तापमान सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस तक कम चल रहा है। हवा में नमी का स्तर 60 प्रतिशत से ज्यादा बना हुआ है। हवा की रफ्तार 8 किमी प्रति घंटा होने के कारण अभी लोगों को शीत लहर का सामना नहीं करना पड़ रहा है। आने वाले दिनों में तेज हवाओं का सामना भी करना पड़ेगा। अभी दोपहर के समय तेज धूप लोगों को भारी ठंड से राहत दिला रही है। आसमान साफ बना रहता है। इस सप्ताह के अंत में कमजोर विक्षोभ की सक्रियता से आसमान में बादल छा सकते हैं। इसके साथ ही बूंदाबांदी भी हो सकती है। अगर बादलों के साथ बूंदाबांदी होती है, तो लोगों को भारी ठंड व कोहरे का सामना करना पड़ेगा। अभी तक कोहरे का असर देखने को नहीं मिल रहा, जिस कारण सड़कों पर वाहन सरपट दौड़ रहे हैं।



रेवाड़ी। एक खेत से बसंती रंग में रंग चुकी सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### रबी फसलों से खेतों में हरियाली

रबी की फसलों गेहूं और सरसों के लिए मौसम काफी अनुकूल साबित हो रहा है। इस समय सरसों की फसल का तेजी से विकास हो रहा है। ठंड बढ़ने के साथ ही सरसों को फूल आने भी शुरू हो गए हैं। किसान दोनों फसलों की सिंचाई कर रहे हैं। इस समय किसानों को बारिश का इंतजार है। अगर अच्छी बरसात होती है, तो दोनों फसलों को इससे अच्छा फायदा होने की संभावना है। सरसों में माह के मध्य तक दाने बनने भी शुरू हो जाएंगे।

### प्रदूषण की समस्या से राहत नहीं

हवा में नमी बढ़ने के कारण प्रदूषण की समस्या कम नहीं हो रही है। सोमवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई सुबह के समय 246 दर्ज किया, जिसमें दोपहर को धूप निकलने के बाद कुछ कमी आई। शाम के समय एक्यूआई फिर से बढ़ गया। ग्रेप की पाबंदियों का आमजन पर कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। प्रदूषण से राहत भी बरसात के बाद ही मिल सकती है।

## पिकअप की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**कोसली।** नाहड़ गांव के समीप हुई सड़क दुघर्टना में एक बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक के भतीजे ने दुर्घटना करने वाले पिकअप चालक के विरुद्ध कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। महेंद्रगढ जिले के धनौंदा गांव निवासी रवि ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह किसी कार्य से अपने चाचा सत्यवीर के साथ मोटरसाईकिल पर कोसली गए थे। वह स्वयं मोटरसाइकिल चला रहे थे तथा उनके चाचा पीछे बैठे हुए थे। वापसी में सायं लगभग तीन बजे नाहड़ गांव से एक किलोमीटर आगे गूजरवास बस स्टैंड के समीप सामने से आ रहे एक पिक अप चालक ने सीधे उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे वह साईड में जा गिरे तथा उनके चाचा सत्यवीर सड़क पर गिर गए। उनके चाचा का सिर पिक अप के टायर तले आ गया। उन्होंने परिजन व पुलिस को सूचना दी।



अपने प्रोफेशन में सक्सेसफुल होने के लिए जरूरी है, अपने वर्क पर फोकस्ड रहें, समय पर टार्गेट अचीव करें और उन आने वाली बाधाओं का आपको आभास हो, जो भविष्य में आ सकती हैं। साथ ही यह भी जरूरी है कि बदले समय के अनुसार आप टेक स्मार्ट भी बनें। लेकिन कुछ लोग ऐसा कर नहीं पाते। इसके लिए जरूरी है, अपने वर्क को सही ढंग से मैनेज करें, यह कैसे संभव है, जानें।

# ऐसे मैनेज करें वर्क समय पर अचीव होंगे टार्गेट

कवर स्टोरी

शिखर चंद जैन





उस दिन सुनीता अपनी कुलीग कामिनी से बोली, 'यार सब बोलते हैं, बड़े सपने देखो, बड़ा सोचो, अपने टार्गेट बड़े रखो। तभी बड़ी सक्सेस पाओगी, लेकिन मैंने तो सब कुछ करके देख लिया। रोज अपने वर्क की लिस्ट बनाती हूं। सुबह से रात तक पूरी मेहनत से काम करती हूं। इसके चलते फैमिली और फ्रेंड्स को टाइम नहीं दे पाती, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात।' अपनी बात कहकर सुनीता ने कामिनी से यह भी जानना चाहा, 'तुम सब कुछ कैसे मैनेज कर लेती हो, जो फैमिली को भी टाइम देती हो और अपने प्रोजेक्ट भी समय पर कंप्लीट कर लेती हो और तुम्हारा प्रमोशन भी हो जाता है?' कामिनी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'सुनीता, न तो यह बहुत कठिन है, न असंभव। बस तुम्हें अपने रोज के वर्क-टार्गेट की लिस्ट बनाकर अपनी टीम, टाइम और टेक्नोलॉजी के साथ कॉर्डिनेट करना होगा, टालू टेकनीक से दूर रहना होगा।' यहां एक बात और समझनी चाहिए कि व्यक्ति अपने जीवन के सभी लक्ष्यों को तभी आसानी से अचीव कर सकता है, जब वह उन इच्छाओं को छोड़ दे, जो उसके मिशन के अपोजिट हों। जी हां, अगर आप कुछ छोटी-छोटी बातों को ध्यान रखें तो अपने सभी काम टाइम से मैनेज कर सकती हैं, आसानी से अपने लक्ष्य पूरे कर सकती हैं।



## डालें सपोर्ट लेने की आदत

सबसे पहले आपको अपनी सभी जिम्मेदारियों की समीक्षा करनी होगी। इसके लिए आपको तय करना होगा, कौन से काम आपको खुद करने हैं, कौन से काम आपको अपनी टीम को सौंपने हैं, ताकि आप बेहतर तरीके से सभी काम तय सीमा में पूरे कर सकें। साथ ही आप यह जानें कि कौन से कामों की जिम्मेदारी दूसरों को देने से आपको कोई दिक्कत नहीं होगी और कौन-से काम आपको स्वयं करना चाहिए?

## बेवजह बिजी न रहें

आप दूसरों के कामों में न उलझें। बेवजह लोगों से मिलना-जुलना बंद करें। गैरजरूरी मीटिंग्स से दूर रहें ताकि आपका समय बर्बाद न हो। जब-तब मीटिंग्स अटेंड न करें। अगर किसी मीटिंग में आपकी मौजूदगी जरूरी नहीं है तो उसमें से खुद को हटा लें। ऐसा करने से आपका अतिरिक्त बोझ हल्का हो जाएगा, आप अपने मुख्य काम पर ज्यादा ध्यान दे सकेंगी।

### टेक स्मार्ट बनिए

आज के समय में स्मार्टफोन और इंटरनेट ने दूरियां कम कर दी हैं। टेक सेवी व्यक्ति की कार्य क्षमता बढ़ा दी है। पहले आपको किसी व्यक्ति से मिलकर ही सब बातें करनी होती थीं, मीटिंग के लिए दूर जाना पड़ता था, पेमेंट के लिए बैंक जाना पड़ता था, इसमें समय खर्च होता था। अब आप अपनी डेस्क पर बैठकर एनईएफटी, आरटीजीएस या यूपीआई से पेमेंट कर सकती हैं। वीडियो कॉल या जूम मीटिंग से एक साथ कई लोगों के साथ डिस्कस कर सकती हैं। ई-मेल, व्हाट्स एप से डॉक्यूमेंट, फोटो, सैंपल भेज सकती हैं। जहां फिजिकल सैंपल भेजना हो, वहां पोर्टर एप के माध्यम से भेज सकती हैं। इसलिए टेक स्मार्ट बनिए, समय के साथ चलिए।

## खुद को दें वक्त

एनर्जी री-स्टोर करने के लिए खुद को थोड़ा आराम देने के लिए टाइम निकालें। काम के बीच में ब्रेक लेना, परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना या अपने शौक पूरे करना भी जरूरी है। इससे आप अधिक ऊर्जावान होकर स्पष्ट सोच पाएंगी, भविष्य के लिए बेहतर निर्णय ले सकेंगी।

## विभिन्न लक्ष्यों में सामंजस्य जरूरी

विभिन्न लक्ष्यों के बीच सामंजस्य बैठाने के लिए आप अपने सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों और उन्हें हासिल करने वाली गतिविधियों को साफ-साफ डायरी में लिख लीजिए, इसके बाद यह समझने की कोशिश करें कि कौन से लक्ष्य आपस में जुड़े हैं, एक-दूसरे की पूर्ति करते हैं। उदाहरण के लिए अगर आपका लक्ष्य फिट रहना और स्टडी में भी अच्छा प्रदर्शन करना है तो नियमित व्यायाम दोनों में मदद करेगा। यह आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा और स्टडी के लिए एनर्जी भी देगा। इसी तरह जब आप अपने दोनों लक्ष्यों के सामंजस्य को पहचान लेंगी तो आपकी छोटी-सी मेहनत भी एक साथ कई बड़े लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेगी।

## इच्छाओं के जाल में न उलझें

हर इच्छा, लक्ष्य नहीं हो सकती। कई बार मन में उपजे विचार सिर्फ प्रलोभन होते हैं, जो आपकी मेहनत को बर्बाद करते हैं। इसलिए आत्म-नियंत्रण बेहद जरूरी है, ऐसी अनुत्पादक, निरर्थक इच्छाओं को समय रहते पहचानना और उनसे जितना संभव हो दूर रहना बेहद जरूरी है।

## बाधाओं का अंदाजा रखें

जब आप कोई लक्ष्य निर्धारित करें तो उसके रास्ते में आने वाली संभावित बाधाओं का पहले से अंदाजा लगाएं। ऐसा करने से आप विचलित होने की बजाय, अपने मुख्य उद्देश्यों पर ही टिकी रहेंगी। संघर्ष करने से कभी हिचकेंगी नहीं, अपना मनचाहा टार्गेट पा लेंगी। a

# भविष्य में बच्चे तभी सुनेंगे आपकी जब बचपन में आप सुनेंगे उनकी

बहुत से अभिभावक अपने बच्चों की बातों पर ध्यान नहीं देते, उनकी उलझनों और सवालों को इग्नोर कर देते हैं। लेकिन ऐसा करने से उनके कोमल मन पर बुरा असर पड़ता है। जो वर्षों बाद अभिभावक को बच्चों से मिलने वाली उपेक्षा के रूप में सामने आ सकता है। इसलिए जरूरी है कि हम अपने बच्चों की हर बात को पूरे ध्यान से सुनें।

परवरिश

कृति आर. के. जैन



अगर किसी दिन आपका बच्चा आकर आपसे कहे, 'मम्मी, मुझे आज स्कूल नहीं जाना।' इस पर आप बिना इसकी वजह पूछे, बस उससे कह देती हैं, 'नहीं कोई बहाना नहीं चलेगा, चुपचाप तैयार होकर स्कूल जाओ।' तो उस क्षण आप भले सोचें कि आप बच्चे को अनुशासित रख रही हैं। लेकिन ऐसा बार-बार करने से बच्चे के मन में आपके प्रति भरोसे का छोटा-सा दरवाजा बंद हो रहा होता है। समय बीतता है, बच्चा बड़ा होता है। किशोरावस्था के किसी मोड़ पर वह अपने कमरे में खुद को बंद कर लेता है। चुप, उलझा हुआ, भीतर ही भीतर टूटता हुआ। आप बाहर खड़ी होकर बार-बार पुकारती हैं, 'क्या हुआ बताओ बेटा?' लेकिन तब तक वह दरवाजा लकड़ी का नहीं रह जाता। वह अनकही बातों, दबी भावनाओं की मोटी दीवार बन चुका होता है।

दरअसल, जो अभिभावक अपने बच्चों की छोटी-छोटी बातों को, उनकी उलझनों को नहीं सुनते, वे बच्चे बड़े होने पर अपने पैरेंट्स की बातें, उनकी हिदायतें कुछ नहीं सुनते।



**समझाने से पहले उन्हें समझें:** हम अकसर मान लेते हैं कि बच्चों को समझाना हमारा अधिकार है, जबकि सच यह है कि उन्हें समझना हमारा सबसे बड़ा फर्ज है। जब सात-आठ साल की बेटी कहती है, 'मां, मुझे यह फ्रॉक पसंद नहीं।' इस पर अगर आप जवाब देती हैं, 'पहनो इसे, इतने पैसे खर्च करके खरीदा है।' तो आप सिर्फ कपड़े की नहीं, उसकी पसंद, उसकी पहचान और उसकी इच्छा की कीमत कम कर देती हैं। वही बेटी जब बड़ी होकर पैरेंट्स के पसंद के किसी रिश्ते से इंकार कर देती है या करियर की राह अपने मन से चुन लेती है तो पैरेंट्स को लगता है कि वह हमारे बारे में नहीं सोचती। सच यह है कि हमने उसके लिए सोचना कभी सीखा ही नहीं था। सुनना सिर्फ कान खोलना नहीं, दिल खोलना भी होता है। अगर आप मोबाइल में बिजी हैं, और आपका बच्चा आपसे कुछ कह रहा है तो मोबाइल को एक मिनट के लिए साइड में रख देने से कोई बहुत बड़ा काम नहीं बिगड़ जाएगा। लेकिन उसकी बात ध्यान से अगर आप सुनती हैं तो वह बच्चा यह समझ जाता है कि उसकी भावनाएं, उसकी बातें और उसकी मौजूदगी की उसके अभिभावक की नजर में बहुत कीमत है। इससे उसके भीतर कहीं संस्कार भी निर्मित होता है कि अपनों की बात को सुनना चाहिए।

**बचपन का भरोसा रहता है उम्र भर:** जिस बच्चे की आवाज को बचपन में जगह मिलती है, वह किशोरावस्था की दहलीज पर पहुंचकर न तो भावनाओं को छुपाता है, न ही विद्रोह की आग में जलता है। वह खुलकर बताता है। दोस्तों की गलत संगत से लेकर पहले प्रेम की घबराहट तक, करियर की उलझनों से लेकर मन में उठती बेचैनी तक, सब कुछ। जिस बच्चे की छोटी-सी बात आज आप धैर्य से सुन लेते हैं, वही बच्चा कल आपकी सबसे बड़ी परेशानी में आपके लिए सबसे भरोसेमंद साथी बन जाता है।

**बिना रोके-टोके सुनें उसकी बात:** अगर आज हम अपने बच्चे की बात को हंसकर, टालकर, 'अरे, बच्चों की बातें हैं।' कहकर किनारे कर देंगे, तो आने वाले वर्षों में वही बच्चे हमारी बात को 'बूढ़ों की जिद' कहकर हवा में उड़ा देंगे। उस दिन हमें हमारा ही घर कैसा लगेगा? उस दिन हमें बहुत तकलीफ होगी यह सोचकर कि हमारे बच्चे हमारी ही नहीं सुनते लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि उनके बचपन में संवाद का पुल तो हमने ही तोड़ दिया था। कभी-कभी पूरे भविष्य की दिशा एक ही पल तय कर देता है। इसलिए आज अपने आप से वादा कीजिए, जब आपका बच्चा कुछ कहे तो बीच में रोके-टोके बिना, उसकी पूरी बात सुनिए, क्योंकि बचपन में मिलने वाला यह सुनने का छोटा-सा मौका, जो आज बेहद साधारण लगता है, वही कल रिश्तों को मजबूत रखने वाला सबसे बड़ा आधार बनता है। a

सजेशन

मधु सिंह

जिस तरह से गर्मी के मौसम में गर्माहट का कम एहसास हो, इसके लिए हम अपने घर में कई बदलाव करते हैं। उसी तरह सर्दी के मौसम में भी कुछ बदलाव कर सकते हैं, इनसे ठंड का एहसास कम होगा। इन छोटे-छोटे और ईजी बदलावों के बारे में आप भी जरूर जानना चाहेंगी।

# क्या आप कर चुकी हैं अपने घर को विंटर रेडी!



सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। सुबह और शाम ज्यादा ठंडी महसूस होती है। दिन छोटे होने के कारण शाम को अंधेरा जल्दी होता है। घर से बाहर रहने पर बस मन करता है कि जल्द से जल्द घर में पहुंच जाएं। लेकिन घर में गर्माहट का एहसास तभी होगा, जब आप अपने घर को विंटर रेडी बनाएंगी, अपनी जीवनशैली में जरूरी बदलाव करेंगी। सर्दी के आने वाले दिनों के लिए जब खूब ठंड पड़ेगी, उसके लिए अपने घर को इस तरह तैयार कर लें, जो आपके लिए आरामदायक हो।

**ऐसे बनी रहेगी गर्माहट:** गर्मी के मौसम में जहां हल्के कूलिंग इफेक्ट वाली कॉटन ड्रेसेस की फर्निशिंग जरूरी होती है। ठीक इसके विपरीत सर्दी के मौसम में वुलेन बेडशीट, पर्दे, रग्स, सोफा कवर, तकिए के गिलाफ, कुशन कवर हों तो वे गर्मी को रोकते हैं और कमरे की गर्माहट को बनाए रखते हैं। ऊनी कालीन एक प्राकृतिक इंसुलेटिंग एजेंट की तरह काम करता है। इनसे हम सर्दियों में कमरे को ज्यादा आरामदायक बनाकर ऊर्जा की खपत कम करके कमरों को गर्म रख सकते हैं।

**बेडरूम में मिले कोजी फील:** सर्दी के मौसम में हम सभी का बेडरूम में ज्यादा समय बीतता है। इसलिए जितना संभव हो, उसमें बदलाव करना चाहिए। गर्मियों के लिए हल्के बिस्तर की जगह, वुलेन बेडशीट, पिलो कवर, रग्स, कालीन, पर्दों का इस्तेमाल करें ताकि कमरों में गर्मी बनी रहे। आप रात भर आराम से सो सकें और बेडरूम के लुक को भी खूबसूरत बना सकें। इसके लिए गहरे रंगों की बेड शीट्स, कुशन कवर और पिलो कवर का इस्तेमाल करें, जो गर्माहट लाने में हेल्प करते हैं।


**दरवाजे-खिड़कियों में बदलाव:** सर्दी के दिनों में कमरे की ज्यादातर गर्मी, खिड़की और दरवाजों से निकलती है, इसलिए उन्हें प्लास्टिक की सीलिंग से या बोर्ड से सील करवा दें। उन पर मोटे फैब्रिक वाले पर्दे लगाएं। पर्दे ऐसे होने चाहिए कि धूप और गर्मी अंदर आ सके और जो रात में ठंड को अंदर आने से रोक सके। शाम के बाद दरवाजे और खिड़कियों को बंद करके रखें। बाहर की ओर खुलने वाले दरवाजों की दरारों को सील करवाएं ताकि घर में गर्माइश बनी रहे।

### तैयार कर लें वार्म ड्रेसेस

**आने वाले** दिनों में कड़ाके की ठंड के लिए मोटे फैब्रिक की ड्रेसेस और कंबलों को तैयार रखें। अगर उन्हें ट्रंक या दीवान में स्टोर करके रखा गया है, तो उनको धूप लगवाने के बाद ही इस्तेमाल करें। टोपी, दस्ताने, मोजे और घर के अंदर पहनने के लिए ऐसी चप्पल मंगवा लें, जो पैरों को गर्म रख सकें। हाथ पैर और सिर से ज्यादा ठंड लगती है। इसलिए वुलेन मोजे, दस्ताने और कैप भी निकाल लें।

**पोर्टेबल स्टोव:** जब ठंड ज्यादा बढ़ती है तो आग तापने से बड़ी राहत मिलती है। तापमान गिरने पर आप चाहें तो पोर्टेबल इलेक्ट्रिक हीटर या गैस स्टोव को किचेन के बजाय कहीं अन्य सुविधाजनक स्थान पर रखकर खाना बना सकती हैं, इससे घर को गर्म रखा जा सकता है।

**वैकल्पिक तरीके भी आजमाएं:** सर्दी के दिनों में जब पावर कट ज्यादा होता है तो ऐसे में इलेक्ट्रिक से चलने वाले इंस्ट्रूमेंट्स जैसे हीटर और ब्लोअर यूज नहीं हो पाते हैं। ऐसे में अपने घर को गर्म बनाए रखने के वैकल्पिक तरीके भी रेडी रखें। वार्म पैड या फायर प्लेस को दुरुस्त रखें, ये बिजली की तुलना में सस्ते तो होते ही हैं, बिजली न होने पर ठंड से परेशान होने की बजाय इनके इस्तेमाल से घर को गर्म रखा जा सकता है। यहां बताए गए इन तमाम उपायों को आजमा कर आप अपने घर के वातावरण को आसानी से गर्म रख सकती हैं। a



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# इस मौसम में ऐसे करें बालों की देखभाल

सर्दी के मौसम में कम तापमान की वजह से बालों में खुश्की बढ़ जाने से बाल काफी खराब हो जाते हैं। इस मौसम में ज्यादातर लोग बालों को धोने के लिए गर्म पानी का उपयोग करते हैं। इससे बालों में खुश्की हो जाती है। इसलिए जरूरी है कि सर्दी के मौसम में गुनगुने पानी का उपयोग करें और गर्म पानी से नहाने से परहेज करें। जिससे बालों के टूटने का खतरा बढ़ जाता है। गर्म पानी बालों से प्राकृतिक तेल सोख लेता है, जिससे बाल शुष्क हो सकते है। इसके साथ ही डेंड्रफ और स्कैल्प में खुजली की समस्या भी हो सकती है। सामान्य तापमान के और गुनगुने पानी से नहाने से बालों में नमी बरकरार रहती है और बाल मुलायम, चमकदार बने रहते हैं।

**कंडीशनर का यूज करें:** सर्दी के मौसम में ऐसे शैंपू और कंडीशनर का उपयोग करें, जो बालों को नमी प्रदान करते हों। इन उत्पादों में एलोवेरा, शिया बटर और किरेटिन आदि तत्वों से बालों को पोषण मिलेगा और बालों में नमी बरकरार रहेगी। सर्दियों में लाइट वेट हाइड्रेटिंग सीरम और लीव इन कंडीशनर के उपयोग से बालों में नमी बनी रहेगी और बाल मुलायम बने रहेंगे। अल्कोहल और सल्फेट युक्त शैंपू या कंडीशनर बालों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं।



**नारियल तेल:** बालों में लगातार खुश्की की वजह से डेंड्रफ की समस्या गंभीर हो जाती है। डेंड्रफ और दो मुंहे बालों की समस्या से निपटने के लिए गर्म तेल से मालिश काफी लाभदायक साबित होती है। सप्ताह में एक या दो बार शुद्ध नारियल तेल को गर्म करके इसे सिर पर लगाएं। इसके बाद एक तौलिए को गर्म पानी में डुबोकर निचोड़ लें और 5 मिनट तक सिर पर बांध लें। इस प्रक्रिया को 3-4 बार दोहरा लीजिए और तेल को रात भर बालों में लगा रहने दीजिए। अगर आपके बालों में डेंड्रफ है तो अगली सुबह सिर में नीबू का रस लगाकर 15 मिनट बाद बालों को धो लें। बालों को धोने के लिए हल्के गर्म पानी का ही प्रयोग करें। शैंपू करने के बाद पानी के मग में दो चम्मच सिरका डालकर बालों को धो लें फिर अच्छे तरीके से साफ पानी से भी बालों को धो डालें।


**मसाज जरूर करें:** रूखापन बढ़ने की वजह से बालों में नमी और तैलीयपन में कमी आ जाती है। इससे बालों में पोषाहार की जरूरत ज्यादा बढ़ जाती है। बालों में नारियल तेल की मालिश से बालों को पोषाहार मिलता है। यदि आप नारियल तेल लगाकर हल्की-हल्की मालिश करती हैं तो इससे बालों की कोशिकाओं में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाता है। बालों को हल्के से तेल से मालिश करने के लिए केवल फिंगर टिप्स का ही सहारा लीजिए और सिर को हल्के-हल्के से विभिन्न दिशाओं में घुमाइए। इससे बालों की कोशिकाओं में अच्छी तरह ब्लड फ्लो होता है। तेल को रात भर बालों में लगा रहने दीजिए और अगले दिन सुबह बालों को गुनगुने पानी से धो डालिए। बालों को तौलिए से रगड़ने की बजाय, तौलिए को सिर पर बांधें ताकि बालों में मौजूद पानी तौलिए में समा जाए। अगर बाल शुष्क और नाजुक हों तो ड्रायर का यूज न करें। बालों को प्राकृतिक तौर पर सूखने दें। अगर आप हेयर ड्रायर का उपयोग करती है तो उसे बालों से कम से कम 10 इंच दूरी पर रखें। a

एडवाइस

प्रतिभा अग्निहोत्री

# जब जाएं वर्केशन पर रखें इन बातों का ध्यान

वर्क फ्रॉम होम करने वाले यंगस्टर एक जगह काम करते ऊब जाते हैं, इसलिए वे अलग-अलग रिमोट एरियाज में जाकर काम करना पसंद कर रहे हैं। अगर आप भी वर्केशन पर जा रही हैं तो किन बातों का ध्यान रखें, जानें।



इंग्लिश वर्ड वर्क-वेकेशन से मिलकर बना यह शब्द 'वर्केशन' आज की जेन जी यंगस्टर्स का सबसे फेवरेट शब्द है, जिसमें वे एक जगह रुककर काम करने के स्थान पर अलग-अलग रिमोट एरियाज में जाकर ऑफिस वर्क करते हैं। आजकल अधिकांश कंपनियों ने अपने एंप्लॉइज को वर्क फ्रॉम होम दे दिया है, जिसके कारण वे एक कमरे में बैठकर काम करते हैं। निरंतर एक ही स्थान पर काम करने के कारण धीरे-धीरे उन्हें काम और जगह दोनों से ही बोरियत होना शुरू हो जाती है, फिर उनका काम में मन नहीं लगता। इस बोरियत से बचने के लिए यंगस्टर अपना लैपटॉप और ऑफिस का अन्य जरूरी सामान लेकर दूर-दराज के टूरिस्ट प्लेस पर चले जाते हैं, वहां रहकर वर्किंग ऑवर में काम करते हैं, शेष समय में वे आस-पास की जगहों पर घूमते हैं। इस तरह वे वर्क और वेकेशन दोनों एक साथ कर लेते हैं। यदि आप भी वर्केशन पर जाने का प्लान कर रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें-

**समय से कर लें बुकिंग:** जिस भी जगह पर आप जाने का प्लान कर रही हैं, उसका प्लान पहले से बनाएं और समय रहते, रहने की बुकिंग कर लें ताकि आप निश्चिंत होकर अन्य तैयारियों पर ध्यान दे सकें।

**नेटवर्क है बहुत जरूरी:** चूंकि आजकल सारे काम इंटरनेट के माध्यम से होते हैं, इसलिए स्थान चुनने से पहले वहां नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें, क्योंकि कुछ पर्यटक स्थलों पर नेटवर्क की बहुत प्रॉब्लम रहती है। नेटवर्क न होने पर आपका काम प्रभावित हो सकता है।

**जानकारी लेकर और देकर जाएं:** जिस स्थान पर आप जा रही हैं, उसकी पूरी जानकारी यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम या फिर अपने परिचितों से लेकर जाएं, ताकि आप अपनी तय जगह पर जाकर काम करने के साथ-साथ सुगमता से घूम भी सकें। अपने परिवारजनों और मित्रों को गंतव्य स्थल की पूरी जानकारी देकर जाएं ताकि आपात स्थिति में आपसे संपर्क किया जा सके।

**पैरेंट्स को यूं करें तैयार:** अकसर अविवाहित युवा बेटियों को इस तरह से अकेले वर्केशन पर भेजने के लिए पैरेंट्स तैयार नहीं होते, ऐसे में विरोध करने की बजाय उन्हें प्यार से वर्केशन के बारे में डिटेल जानकारी दें ताकि वे खुशी-खुशी मानसिक रूप से तैयार हो सकें।

**बजट का रखें ध्यान:** चूंकि वर्केशन के दौरान आप अधिक समय तक एक ही जगह पर रहती हैं, इसलिए बजट फ्रेंडली प्लेस का सेलेक्शन करना बहुत जरूरी है ताकि आप कम खर्चे में वर्केशन एंज्वॉय कर सकें।

**जरूरी उपकरण लेकर जाएं :** रोमिंग सिम कार्ड, पावर बैंक, मोबाइल और लैपटॉप का चार्जर आदि अपने साथ लेकर जाएं।

**जरूरी दवाएं साथ रखें:** यदि आप कोई मेडिसिन लेती हैं तो उसे पर्याप्त मात्रा में लेकर जाएं। इसके साथ-साथ बुखार, पेटदर्द, सिरदर्द और वॉमिटिंग की दवाएं भी अपने साथ जरूर लेकर जाएं ताकि जरूरत पड़ने पर आप उनका उपयोग कर सकें। a

**खबर संक्षेप**

## स्वास्थ्य मंत्री के नेतृत्व में तेजी से हो रहे बदलाव



**कनीना।** प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार सुधार हो रहा है। जिले में चिकित्सा व्यवस्था में तेजी से बदलाव होने पर आमजन को घर द्वार के समीप स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। यह बात इंसाफ मंच के ब्लॉक प्रधान मनीष यादव ने कही। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर अभूतपूर्व सुधार हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री के निरंतर व धरातल पर किए जा रहे प्रयास सफल हो रहे है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में महत्वपूर्ण परियोजनाओं को सरकार से स्वीकृति दिलाई है। जिनसे आमजन को सीधा लाभ मिलने लगा है।

## विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन

**सतनाली मंडी।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रसायन विभाग की टीम ने नारनौल में आयोजित अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी में द्वितीय व भूगोल विभाग की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने पर टीम की छात्राओं को कॉलेज में सम्मानित किया गया। प्राचार्य जरनैल सिंह ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी में रसायन विभाग की छात्रा पूजा व मनीषा तथा भूगोल विभाग की छात्रा प्रिया व रवीना ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने टीमों के इंचार्ज रसायन विभाग के डॉ. विपिन व भूगोल विभाग के राकेश तथा संजय कुमार सहित छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन पर बधाई दी। डॉ. श्रीभगवान व डॉ. हरिओम शर्मा ने छात्राओं को बधाई दी। दूसरी ओर बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रम के तहत कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। डॉ. रेखा शेखावत ने बताया कि डॉ. कमला के नेतृत्व में निकाली गई रैली को प्राचार्य जरनैल सिंह ने हरी झंडी दिखाई।

### श्रीकृष्णा स्कूल में विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# खेलों से खिलाड़ियों में अनुशासन, संयम व नैतिक मूल्य होते है विकसित: डॉ. बीरसिंह

**लड़कियों की शॉटपुट में कक्षा नौवीं से भूमिका, 10वीं से ईशा, 11वीं से दीक्षू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

श्रीकृष्णा स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा को लेकर सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यातिथि चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव व विशिष्ठ अतिथि सीईओ कर्मवीर राव, डॉ. कविता राव उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य रवि प्रकाश द्वारा की गई। खेल प्रशिक्षक महीपाल यादव व उत्तम सिंह ने बताया कि श्रीकृष्णा स्कूल में लड़कों एवं लड़कियों के दो दिवसीय खेलों का आयोजन किया गया था, जिसमें वॉलीबाल, कबड्डी, दौड, योगा तथा फन खेल, शॉर्ट पुट, लौंग जंप, म्यूजिकल चेयर व रस्सा कस्सी खेल करवाएं गए थे। वालीबाल के खेलों में स्कूल के पांचों हाउस की टीमों ने भाग लिया तथा वालीबाल के दस मैच करवाए गए, जिसमें एपीजे अब्दुल कलाम हाउस प्रथम स्थान पर रहा तथा सुभाष चंद्र बोस हाउस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लोंग जंप लड़कियों में कक्षा छठी से माही प्रथम, सातवीं से ओजस्वी प्रथम रही। वहीं शार्टपुट के खेलों में लड़कों ने कक्षा नौवीं से विनय प्रथम, दसवीं से विनित प्रथम, 11वीं से मंजीत व 12वीं से कर्मवीर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की शॉटपुट में कक्षा नौवीं से भूमिका, 10वीं से ईशा, 11वीं से दीक्षू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लौंग जंप लड़कों में कक्षा छठी से दीशांत, सातवीं से अमन व आठवीं से नवीन, नौवीं से नितेश, दसवीं में हिमांशु, 11वीं में जितेंद्र व 12वीं में हर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर लड़कों की कब्बड़ी के खेल में भगत सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं स्वामी विवेकानंद हाउस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।



महेंद्रगढ़। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते सीईओ कर्मवीर राव व डॉ. कविता राव। फोटो: हरिभूमि

### लड़कियों में कल्पना चावला हाउस रहा प्रथम

वहीं लड़कियों में कल्पना चावला हाउस प्रथम रहा तथा भगत सिंह हाउस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि खेल हमें नैतिकता और संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा भी प्रदान करता है। जब हम खेल में भाग लेते हैं, तो हमें नियमों और नियमितता का पालन करना पड़ता है। इससे हमारे अनुशासन, संयम और नैतिक मूल्य विकसित होते हैं। सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि शिक्षा में खेल शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। प्राचार्य रवि प्रकाश ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि जीवन की सफलता और संतुलन का आधार भी हैं। इस अवसर पर पीआरओ सुधीर यादव, हेड संदीप कुमार, हेड सुरेंद्र कुमार, एथलेक्टिस कोच वीरेंद्र यादव, शीलूराम डीपीई, गीता कुमार योगा प्रशिक्षक, म्यूजिक अध्यापक कप्तान सिंह सहित स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## आरपीएस ने बालभवन में लगातार 17वीं बार ओवरऑल चैंपियन बनकर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित बाल महोत्सव प्रतियोगिता में लगातार 17वीं बार ओवरऑल चैंपियन की प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर कब्जा किया है। विजेताओं को बाल दिवस के मौके पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार, एसपी पूजा वशिष्ठ, जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेन्द्र सिंह, पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा ने पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए 24 प्रथम, 4 द्वितीय और 5 तृतीय तथा एक सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए। सर्वाधिक 85 अंकों के साथ आरपीएस स्कूल ने इस वर्ष भी ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव और प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि किसी भी प्रतिभा को निखरने के लिए समय पर उचित मंच मिलना अत्यंत आवश्यक है। सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि आरपीएस ग्रुप के विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ-साथ कला, संस्कृति और खेल में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आरपीएस टीम ने एक बार फिर बाल भवन में इतिहास रच दिया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर उप-प्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गौड़, पवन तिवारी, विंग हेड देवेंद्र पूनिया, जिले सिंह, अमित कुमार, साक्षी मलिक, अनीता अहलावत व राजकुमार ने भी विजेता विद्यार्थियों व प्रशिक्षकों को बधाई दी।

## राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. पूर्ण प्रभा का सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या प्रोफेसर पूर्ण प्रभा के सेवानिवृत्ति उपलक्ष्य में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के अध्यक्ष प्रोफेसर पवन कुमार शर्मा तथा विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना के अध्यक्ष विजय यादव टूमना विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर डॉ. पूर्ण प्रभा के शिक्षा, प्रशासन, सामाजिक नेतृत्व तथा महाविद्यालय के उत्थान में किए गए उत्कृष्ट योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें विशेष सम्मान से अलंकृत किया।

प्राचार्या प्रो. पूर्ण प्रभा ने जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए महेंद्रगढ़ जिले के सभी महाविद्यालयों के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके कुशल नेतृत्व में प्रत्येक महाविद्यालय में शैक्षणिक, प्रशासनिक तथा गुणवत्तामूलक सुधारों को नई दिशा और गति मिली।



महेंद्रगढ़। प्राचार्या पूर्ण प्रभा को विदाई देते स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## सरकार ने अटेली क्षेत्र को नई सड़कों की दी सौगात, 7.42 करोड़ रुपये होंगे खर्च

■ सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की मजबूत कड़ी: स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश सरकार ने अटेली विधानसभा क्षेत्र के लिए नई सड़कों की सौगात दी है। इन सड़कों के निर्माण पर लगभग 7.42 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनका निर्माण अगले छह महीने में पूरा कर लिया जाएगा। यह जानकारी देते हुए हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि इन सड़कों से दर्जनों गांवों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि धनौंदा से सीहोर तथा सुंदरह से बवानियां तक नई सड़क का निर्माण होगा। इन दोनों सड़कों के निर्माण पर कुल 430.13 लाख रुपये खर्च होंगे।

इन मार्गों के विकसित होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को जिला मुख्यालयों, सरकारी कार्यालयों, बाजारों और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचने में अधिक सुविधा होगी। इसी प्रकार पोता पीडब्ल्यूडी रोड से बाबा कौशल दास मंदिर तथा पोता से उच्चत तक नई सड़क का निर्माण कार्य शामिल है। इन दोनों प्रस्तावित सड़कों के लिए लगभग 312 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है।

**ढांचागत सुविधाओं में आया बड़ा परिवर्तन**



स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ढांचागत परियोजनाओं के पूरे होने के बाद लोगों के समय की बचत होगी, कृषि उत्पादों की ढुलाई आसान हो जाएगी और ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास को गति मिलेगी। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में भी ऐसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू करवाने की कोशिश रहेगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में ढांचागत सुविधाओं में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। विशेष कर दक्षिणी हरियाणा में कई हाईवे का निर्माण हुआ है।

यह सड़कें धार्मिक स्थलों, कृषि भूमि और ग्रामीण बस्तियों को आपस में जोड़ेंगी। जिससे आवागमन में तेजी आएगी। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी विकास की मजबूत कड़ी होती हैं।



नारनौल। पूर्व राज्यसभा सांसद राव मानसिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## पूर्व राज्यसभा सांसद राव मानसिंह की जयंती पर किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय राव मानसिंह की जयंती पर उनके निवास स्थान शास्त्री नगर में हवन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उनके पुत्र वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व बिजली निगम से सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता राव सुखविंद्र सिंह ने कहा कि राव मानसिंह ने खेलकूद, पुलिस सेवा और राजनीति सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया। राव मानसिंह राज्यसभा सांसद व भारतीय राजनेता रहे हैं।

बता दें कि राव मानसिंह 1955 को संयुक पंजाब में सहायक पुलिस उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्त हो गए। इसके बाद 20 अगस्त 1986 को आईपीएस पदोन्नत होकर पुलिस अधीक्षक बने। पुलिस सेवा करने के उपरान्त 30 नवम्बर 1991 को सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद पूर्व उपप्रधानमंत्री चौ. देवीलाल की नीतियों से प्रभावित होकर 1993 को इंडियन नेशनल लोकदल की सदस्यता ली। जिनको पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री चौ. ओमप्रकाश चौटाला ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग का चेयरमैन नियुक्त कर दिया। पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल के निधन से राज्यसभा की सीट रिक्त हुई, तो चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ने पार्टी की ओर से राज्यसभा के लिए नामित किया और 2001 को राज्यसभा सांसद चुने गए। राव मानसिंह सामाजिक कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहे। उन्होंने अपनी पैतृक भूमि में धर्मशाला बनाकर गांव को समर्पित की। इसके अलावा राव मानसिंह ने गांव में जोहड़ पर एक मंदिर का निर्माण करवाया।

## सिहमा कॉलेज में एनएसएस का एक दिवसीय शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

महंत खेतानाथ राजकीय महाविद्यालय सिहमा में एनएसएस के द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों तथा राहगीरों स्वच्छता तथा यातायात के नियमों महत्व बताया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वास्थ्य जागरूकता तथा प्राकृतिक जीवनशैली के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था। पूरे दिन चले इस कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों के माध्यम से स्वयंसेवकों को ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने एनएसएस के माध्यम से समाजसेवा की भावना को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी यदि युवावस्था में समाज के लिए कार्य करना सीख लेते हैं तो भविष्य में वे एक बेहतर नागरिक के रूप में देश की प्रगति में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने एनएसएस के में नहीं, बल्कि आपके आदर्श वाक्य का महत्व समझाते हुए विद्यार्थियों को सेवा की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

वहीं एनएसएस प्रभारी डॉ. अंकित कुमार ने स्वयंसेवकों को एनएसएस की स्थापना, उद्देश्यों, संरचना एवं इसके अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनएसएस न केवल विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों से जोड़ता है बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम वर्क और समाज के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित करता है। इस सत्र में विद्यार्थियों ने एनएसएस की कार्यप्रणाली और राष्ट्रीय स्तर पर चलने वाले विभिन्न अभियानों के बारे में भी जाना। वहीं डॉ. एलन यादव ने विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं जैसे स्वच्छता, नशा मुक्ति, ग्रामीण विकास, पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा करते हुए बताया कि युवाओं की भूमिका इन समस्याओं के समाधान में अत्यंत महत्वपूर्ण है। छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी ने इस कैंप को अत्यंत प्रभावी और सफल बनाया। इस मौके पर जितेंद्र, पूर्व पंच सुरेंद्र, प्रवीण यादव के महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।



मंडी अटेली। सिहमा में एक दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों जानकारियां देते हुए।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## विज्ञान मंथन में छात्र आर्यन ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

विद्यार्थी विज्ञान मंथन की स्टेज-2 परीक्षा में महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, दादरी एवं नारनौल क्षेत्र से केवल एक ही विद्यार्थी सफल हुआ, जो टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल महेंद्रगढ़ का छात्र है। इस प्रतिष्ठित सफलता को हासिल करने वाले छात्र आर्यन पुत्र राजकुमार, निवासी देवनगर ने न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे जिले का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया है।

गौरतलब है कि पूरे हरियाणा प्रदेश से केवल रोहतक, झज्जर और महेंद्रगढ़ जिलों के विद्यार्थियों का ही स्टेज-2 में चयन हुआ, जिससे इस परीक्षा की कठिनता और कड़ी प्रतिस्पर्धा का स्पष्ट अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसे कठिन स्तर की परीक्षा को उत्तीर्ण करना अपने आप में एक बड़ी शैक्षणिक उपलब्धि मानी जा रही है। विद्यालय सीईओ डॉ. निशा यादव ने छात्र आर्यन को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, वैज्ञानिक सोच और विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह ने भी छात्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बनेगी।

## यादव सभा में प्रशासक नियुक्ति पर सुनवाई कार्रवाई की प्रतीक्षा

**महेंद्रगढ़।** यादव सभा रजि. की कार्यकारिणी के कार्यकाल समाप्त होने एवं प्रशासक नियुक्ति की मांग को लेकर दायर आवेदन पर सोमवार को जिला रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसायटीज़ नारनौल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई आयोजित की गई। सुनवाई में दोनों पक्ष उपस्थित रहे। शिकायतकर्ता प्रदीप बालरोडिया ने अपनी दलील में कहा कि सभा की कार्यकारिणी का कार्यकाल 31 अक्टूबर को विधिवत रूप से समाप्त हो चुका है, ऐसे में पूर्व पदाधिकारी किसी भी प्रशासनिक या वित्तीय निर्णय लेने के वैधानिक अधिकार नहीं रखते। उन्होंने यह भी मांग रखी कि जब तक प्रशासक की नियुक्ति नहीं हो जाती, संस्था की सभी गतिविधियों पर अंतरिम रोक लगाई जाए, जिससे पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनी रहे। वहीं दूसरी ओर सभा के पूर्व प्रधान अभयराम ने भी सुनवाई के दौरान यह स्वीकार किया कि उनकी कार्यकारिणी का निर्धारित कार्यकाल 31 अक्टूबर को समाप्त हो चुका है।

**न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, बावल।**
भरतलाल वगैरा बनाम लटुर वगैरा वगैरा
दरख्वास्त तकसीम बाबत खेवट नम्बर 13 खतोनी नम्बर 19 जमाबंदी साल 2018-2019 मौजा नांगल शहबाजपुर, तहसील बावल एंव जिला रेवाड़ी।
**तलबी उत्तरवादीगण बजरिये पब्लिकेशन**
यह कि उपरोक्त अनुवान की दरख्वास्त न्यायालय श्रीमान जी में विचाराधीन है जिस पर उत्तरवादी नम्बरः-
11-E- लक्ष्मी पत्नी गोरधन पुत्र बिरजु एंव पुत्री श्री लटूर स्थाई निवासी वार्ड नम्बर 1, तिजारा, तहसील तिजारा, जिला खैरथल तिजारा राजस्थान।
1-F- ललिता पत्नी हेमकरण पुत्र फकीरा एंव पुत्री श्री लटूर स्थाई निवासी वार्ड नम्बर 6. तिजारा, तहसील तिजारा, जिला खैरथल तिजारा राजस्थान।
1-g- बिरमा पत्नी चेतराम पुत्र फकीरा एंव पुत्री श्री लटूर स्थाई निवासी वार्ड नम्बर-6, नजदीक शिव मन्दिर, तहसील तिजारा व जिला खैरथल तिजारा, राजस्थान।
1-h- फूलवती पत्नी सुरेश, पूर्व पार्षद एवं पुत्री श्री लटूर स्थाई निवासी वार्ड नम्बर-3, धारूहेडा, तहसील व जिला रेवाड़ी।
6- खजानी पुत्नी भगवानदास एवं पुत्री झुथाराम स्थाई निवासी वार्ड नम्बर 1, तिजारा, तहसील तिजारा, जिला खैरथल तिजारा राजस्थान।
बिसवेदारान एंव निवासीगण मौजा नांगल शहबाजपुर, तहसील बावल व जिला रेवाडी को तलबी बजरिये पब्लिकेशन उपरोक्त दरख्वास्त तकसीम बअनुमानी भरतलाल वगैरा बनाम लटुर वगैरा वगैरा में आगामी तारीख पेशी 15.12.2025 है को अदालत नायब तहसीलदार एंव सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी बावल में पेश होवे।
जो कि मौजा नांगल शहबाजपुर तहसील बावल जिला रेवाडी को बजरिये पब्लिकेशन निर्देश दिये जाते है कि उपरोक्त मुकदमा में बराये पेशी दिनांक 15.12.2025 को प्रातः 10 बजे अदालत में स्वंय या असालतन व वकालतन पेश होवे वर्ना आपके खिलाफ एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
Sd/- A.C. 1st Grade, Bawal

### ऑनलाइन चार जनवरी और ऑफलाइन 11 जनवरी को होगी परीक्षा

# देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल में डीटीआरई की घोषणा की

**ऑनलाइन एग्जाम के लिए विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन ही होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल में डीटीआरई की घोषणा की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित व कर पुष्पार्पित कर की। चेयरमैन सुनील कुमार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस सेशन में भी देवयानी टैलेंट रीवार्ड एक्जाम की जानकारी देते हुए बड़ी खुशी का एहसास हो रहा है कि इस एग्जाम के माध्यम से हमारे क्षेत्र के उन बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतरीन मंच देना है, जो पढ़ाई में अच्छा होने पर भी अपने कैरियर को सही दिशा नहीं दे पाते। प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि यह परीक्षा ऑनलाइन चार जनवरी और ऑफलाइन 11 जनवरी को होगी। ऑनलाइन एग्जाम के लिए विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन ही होगा। प्रथम फेज ऑनलाइन एग्जाम को 33 प्रतिशत अंक के साथ क्वालीफाई करने वाले बच्चे ही 11 जनवरी को ऑफलाइन परीक्षा में बैठ सकेंगे। 11 जनवरी को होने वाली परीक्षा में कक्षावार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार और स्कूल किट प्रदान की जाएंगी। इस परीक्षा की सबसे अच्छी बात यह है कि बच्चों को अपने रिजल्ट के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रिजल्ट और प्राईज उन्हें परीक्षा के दिन ही दिया जाएगा। डीटीआरई के इस एग्जाम में सबसे बड़ी विशेषता यह रहेगी की क्षेत्र के 30-30 बच्चों के लिए परीक्षा में अंकों के आधार पर शत प्रतिशत स्कॉलरशिप का प्रावधान रहेगा, जिनके माता-पिता अध्यापक, आर्मी, प्राइवेट जॉब,




महेंद्रगढ़। मां सरस्वती के सामने दीप जलाते हुए। फोटो: हरिभूमि

**हर साल एग्जाम देने की जरूरत नहीं**

स्कूल प्रशासन की एग्जाम कमेटी ने इस परीक्षा पर चर्चा करते हुए बताया कि जिन बच्चों को पिछले वर्षों में डीटीआरई के तहत स्कॉलरशिप प्राप्त हुई थी, उन बच्चों को 12वीं तक फीस में छुट का प्रावधान जारी रहेगा। इसके लिए उन्हें हर साल एग्जाम देने की जरूरत नहीं रहेंगी।

## खबर संक्षेप



### रेलवे स्टेशन पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

**रेवाड़ी।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मों पर साधु के वेश में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। अक्सर साधु के वेश में प्लेटफार्मों पर नजर आने वाले लोग नशे में धुत रहते हैं, जो अश्लीलता तक फैलाते हैं। जीआरपी और आरपीएफ स्टाफ की ओर से ऐसे लोगों को खदेड़ भी दिया जाता है, परंतु मौका मिलते ही यह लोग फिर से खाली नजर आने वाले प्लेटफार्म पर पहुंच जाते हैं। प्लेटफार्मों पर अक्सर ऐसे साधु टाइप के लोग नजर आते हैं, जिनमें अधिकांश नशे में धुत रहते हैं।

### लाज कौशल सहित दो लेखकों की पुस्तकों का विमोचन

**कोसली।** कोसली गांव निवासी प्रोफेसर लाज कौशल की पुस्तक भारतीय नारीः संघर्ष से प्रगति तक तथा डा. प्रीति की पुस्तक वर्जनाएं का लोकार्पण कुरुक्षेत्र में आयोजित साहित्यिक गरिमा और सांस्कृतिक भव्यता से परिपूर्ण गीता महोत्सव में हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डा. धर्मवीर किया गया। विषय की गंभीरता,प्रासंगिकता और स्त्री-केन्द्रित विमर्श के कारण कार्यक्रम को विशेष महत्त्व प्रदान किया। विमोचन कार्यक्रम में प्रदेश के प्रतिष्ठित साहित्यकार, शोधकर्ता और साहित्य-प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पारितोषिक वितरण, दीपोत्सव व आरती के साथ संपन्न हुआ तीन दिवसीय गीता महोत्सव

# श्रीमद्भागवत गीता के व्यवहारिक ज्ञान को जीवन में धारण करें : उपायुक्त

### जिला वासियों के दिल में अपनी मधुर यादें छोड़ गया अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव- 2025

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर के बाल भवन में सूचना, जनसंपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन रेवाड़ी द्वारा सुसज्जित गीतापुरम में चल रहे तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 का विधिवत रूप से डीसी अभिषेक मीणा की गरिमामयी उपस्थिति में आज संपन्न हो गया। महोत्सव के समापन अवसर पर दीपोत्सव व भगवान श्रीकृष्ण की आरती वंदना की गई। पारितोषिक वितरण समारोह में सभी प्रतिभागियों को डीसी अभिषेक मीणा व एडीसी राहुल मोदी ने सम्मानित किया। गीता महोत्सव के सफल आयोजन के लिए डीसी अभिषेक मीणा ने रेवाड़ी जिला के समस्त सामाजिक एवं धार्मिक संगठन, शिक्षा व अन्य सरकारी विभाग तथा भारी संख्या में इस आयोजन में शामिल हुए आम नागरिकों का तहे-दिल से आभार प्रकट किया। महोत्सव के समापन सत्र में डीसी अभिषेक मीणा ने सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गई श्रीमद्भगवद गीता पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें गीता के अठारह अध्यायों का सार, महाभारत के प्रमुख प्रसंग, भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश, तथा आधुनिक जीवन में गीता के संदेश की प्रासंगिकता को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न विभागों तथा सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए जनकल्याणकारी स्टॉलों का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं को बहुत ही सराहनीय ढंग से प्रदर्शित किया गया है। गीता महोत्सव का सोमवार को गीता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों व पारितोषिक वितरण के साथ समापन हो गया। गीता महोत्सव का आगाज जितना शानदार रहा, इसका समापन भी उससे कहीं उत्कृष्ट, बेहतरीन एवं प्रशंसनीय रहा। गत वर्ष से भी बेहतरीन रहा है इस बार का अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सवः डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि इस साल अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम पहले से भी बेहतर हुआ है। जिसके लिए आयोजन समिति के चेयरमैन एडीसी राहुल मोदी, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा, सभी प्रतिभागी विद्यालयों के विद्यार्थी, जीओ गीता, व्यापारिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठन बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि तीनों दिन रेवाड़ी जिला के हजारों नागरिकों ने गीता महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम जैसे प्रदर्शनी, नगर शोभा यात्रा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सेमिनार आदि का लुत्फ उठाया है। उन्हें विश्वास है कि इस महोत्सव का आम जनमानस में गीता ज्ञान के प्रचार-प्रसार का जो उद्देश्य रहा, वह सार्थक हुआ है। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि गीता के व्यवहारिक ज्ञान को हमें अपने जीवन में धारण कर इस का अनुसरण करना चाहिए। प्रतिभागी विद्यार्थियों व संस्थाओं का किया सम्मान डीसी अभिषेक मीणा ने एडीसी राहुल मोदी के साथ प्रतिभागी टीम, शिक्षा विभाग के डीईओ राजेंद्र शर्मा व अन्य विभागीय अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, ट्रैफिक पुलिस, म्हारी विरासत के अमन, ग्रामीण आजीविका मिशन के आफताब अहमद, आर्य समाज के जसवंत आर्य, रेडक्रास सोसायटी, कलाकार प्रदीप जेलपुरिया, मंच संचालक डा. ज्योत्सना, सुधीर यादव, जिला आयुष अधिकारी डा. बसंत कुमार, वूमेन आईटीआई रेवाड़ी, हिमा अग्रवाल, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान, हैफेड, नवीनी एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, विश्व हिंदू परिषद, हैफेड, कृषि एवं बागवानी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खेल विभाग, समाज कल्याण, अखिल भारतीय महिला परिषद, भरत मुनि नाट्य कला केंद्र, जीओ गीता संजीव दुआ व नवीन अरोड़ा सहित महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों, समाज सेवी व धार्मिक संस्थाओं, जिला प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरस्कृत किया।









### गीता महोत्सव का हुआ सफल आयोजन

डीआईपीआरओ ने जताया जिला वासियों का आभार महोत्सव के समापन अवसर पर डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने कहा कि डीसी अशोक अभिषेक मीणा के कुशल नेतृत्व व एडीसी राहुल मोदी के मार्गदर्शन में प्रशासन के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं का बेहतरीन आपसी तालमेल रहा, जिसकी बदौलत रेवाड़ी जिला में इस बार भी भव्य ढंग से गीता महोत्सव का सफल आयोजन हुआ। उन्होंने गीता महोत्सव के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों, जिले के प्रसिद्ध व गणमान्य नागरिकों व समारोह में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया।

### गीता महोत्सव का किया समापन

डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने मुख्य अतिथि डीसी अभिषेक मीणा व एडीसी राहुल मोदी को भी इस अवसर पर स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। दीपदान व आरती वंदना के साथ डीसी ने संपन्न करवाया अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव गीतापुरम में भगवान श्री कृष्ण के बनाए गए विशेष आरती स्थल पर डीसी अभिषेक मीणा व एडीसी राहुल मोदी ने 5100 दीयों की सुसज्जित दीपमाला को प्रज्ज्वलित कर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य ढंग से समापन किया। इस अवसर पर कृष्ण जी की आरती-वंदना की गई। जिसमें जीओ गीता, धार्मिक संस्थाएं, सभी अधिकारी व कर्मचारी तथा सम्मानित नागरिक शामिल हुए।

### ये रहे मौजूद

गीता महोत्सव के समापन अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी, हरियाणा राज्य परिवहन रेवाड़ी के महाप्रबंधक निरंजन शर्मा, जिला बाल कल्याण अधिकारी विरेंद्र यादव, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव, कार्यवाहक जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र शर्मा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी धर्मबीर बल्डोदिया, जीयो गीता से नवीन अरोड़ा, संजीव दुआ, मा.जय भगवान, रंगकर्मी सतीश मस्तान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलजीत यादव, मनोज यादव सहित प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, विद्यार्थी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। महोत्सव में आर्टिस्ट प्रदीप जेलपुरिया, प्रवक्ता सुधीर यादव व डा. ज्योत्सना यादव ने सफल मंच संचालन की भूमिका निभा कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

# कमेटी आज से करेगी कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



आरकेवीवाई स्कीम 2025-26 के लिए फसल अवशेष प्रबंधन घटक के तहत किसानों को अनुदान पर उपलब्ध कराए गए कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन जिला स्तरीय कमेटी 2 दिसंबर से तीन दिन तक करेगी। सहायक कृषि अभियन्ता दिनेश शर्मा ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभागकी ओर से इस स्कीम के तहत फसल अवशेष प्रबंधन घटक के तहत विभिन्न कृषि यंत्रों पर किसानों को 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराने के लिए दिनाक गत 20 अगस्त तक विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। 4 सितंबर व 11 नवंबर को डीसी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई थी। जिला स्तरीय कार्यकारीणी की बैठक में किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाईन ड्रॉ के माध्यम से चयन कर लिया गया था। विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार जिला के किसानों ने सुपर सीडर, रीपर बाइंडर, जीरो टील सीड़ ड्रील व ट्रैक्टर माउन्टिड लोडर के बिल ही अपलोड करवाए गए हैं।

### शुक्ल पक्ष की त्रियोदशी आज, श्रद्धालु रखेंगे भौम प्रदोष व्रत

**रेवाड़ी।** भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित प्रदोष व्रत का सनातन धर्म में बड़ा महत्व है। शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि इस बार 2 दिसंबर को पड़ रही है, इसलिए श्रद्धालु इस दिन प्रदोष व्रत रखकर मन्नतें मांगेंगे। प्रदोष व्रत को भौम प्रदोष व्रत माना जाता है। मान्यता है कि जो साधक इस व्रत का पालन करते हैं, उन्हें सुख-शांति का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही जीवन में शुभता आती है। पं. रामदत्त कौशिक का कहना है कि प्रदोष व्रत भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है। जब यह व्रत मंगलवार को पड़ता है, तो भौम प्रदोष कहा जाता है। भौम शब्द मंगल ग्रह से जुड़ा है। माना जाता है कि इस दिन व्रत रखने और विधि-विधान से पूजा करने से शिवजी की कृपा मिलती है और भक्तों को सभी दुख-दर्द से मुक्ति मिलती है। इस दिन भगवान शिव के साथ हनुमान जी की पूजा का भी विशेष महत्व होता है, जो शत्रुओं पर विजय और बाधाओं को दूर करने में मदद करते हैं।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260



# स्कूलों में दी नशे और अपराधों पर जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देशन में जिला पुलिस की ओर से शुरू किया गया जागरूकता अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस की टीमों ने गोठड़ा अहीर के सैनिक स्कूल और जौनावास के एक प्राइवेट स्कूल में विद्यार्थियों को नशे से बचाव व साइबर फ्रॉड से लेकर दूसरे अपराधों के बारे में जागरूक किया। डीएसपी सिटी जोगेंद्र शर्मा ने खुद इन स्कूलों में विद्यार्थियों को जागरूकता का पाठ पढ़ाया। डीएसपी जोगेंद्र शर्मा ने नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशे की लत न केवल व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित करती है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी नकारात्मक असर डालती है। उन्होंने कहा कि नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसकर अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रही है।


डीएसपी का सैनिक स्कूल में स्वागत करते हुए प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

### ट्रिप मॉनिटरिंग के लिए करें डायल-112

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि यदि कोई महिला यात्रा के दौरान ट्रिप मॉनिटरिंग की सुविधा प्राप्त करना चाहती है तो 112 पर कॉल करके यह सहायता प्राप्त की जा सकती है जिसमें पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा यात्रा के दौरान महिला के पास कॉल करके यह सुनिश्चित किया जाता है कि महिला सुरक्षित है। अगर कोई भी छात्रा/महिला घर से कॉलेज, स्कूल या ऑफिस के लिए निकलती है और कोई व्यक्ति उसका पीछा करता है तो डायल 112 पर कॉल करके यह सहायता प्राप्त की जा सकती है।

### साइबर फ्रॉड के प्रति सचेत रहना जरूरी

कुछ लोग लालच या ऑफर के चक्कर में साइबर ठगी के शिकार हो जाते हैं साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर भोले भाले नागरिकों के साथ साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं परंतु इसके प्रति जागरूक होकर हम साइबर अपराधियों के चंगुल से बच सकते हैं और साइबर अपराध के विरुद्ध जागरूक होकर अपने साथियों को भी इससे बचा सकते हैं। साइबर ठगी की वारदात घटित होने पर तुरंत 1930 पर कॉल कर सूचना दें ताकि आपके पैसे को तुरंत आपके अकाउंट से भेजे गए दूसरे अकाउंट में फिज किया जा सके।

# विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स संबंधी दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आए एसएमओ डा जयपाल ने विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स संबंधी वैज्ञानिक व तथ्यात्मक जानकारी प्रदान की। डा. जयपाल ने बताया कि एड्स भय नहीं, जागरूकता का विषय है। समय पर जांच, सुरक्षित व्यवहार और सही जानकारी से इस बीमारी से पूर्णतया बचाव किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीमारी से अधिक घातक इसके बारे में फैली भ्रांतियां और सामाजिक कलंक हैं।


कोसली। विद्यार्थियों को एड्स संबंधी जानकारी देते एसएमओ डा जयपाल।



रेवाड़ी। रैली को झंडी दिखाते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

### वर्ल्ड एड्स-डे पर निकाली जागरूकता रैली विद्यार्थियों ने लिया कार्यक्रम में हिस्सा

**रेवाड़ी।** वर्ल्ड एड्स-डे पर सोमवार को मोर्निंग ग्लोरी सोसायटी की ओर से एक एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व संस्था की अध्यक्ष सलोनी सिंगला ने किया। समाज में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस रैली में 650 से अधिक छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और जनसंदेश को व्यापक रूप से फैलाया। मुख्य अतिथि डीसी अभिषेक मीणा ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि एचआईवी/एड्स के बारे में सही जानकारी, जागरूकता और समझ ही इस बीमारी से लड़ने का सबसे प्रभावी तरीका है। छात्रों ने पोस्टर्स, बैनर्स और जागरूकता नारों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित व्यवहार, संक्रमण से बचाव और उपचार के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस सामाजिक पहल को सफल बनाने में कई प्रतिष्ठित कंपनियों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। सलोनी सिंगला ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना ही नहीं, बल्कि समाज में मौजूद भ्रांतियों और भेदभाव को समाप्त करना भी है।

**रोष** — खेतों के पास रहने वाले लोग डाल रहे ईंधन

# दो राज्यों को जोड़ने वाले रोड पर अतिक्रमण

- कोहरे के दौरान रहेगी हादसों की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खोरी

बस स्टैंड खोरी से राजस्थान के रायसराना गांव को जोड़ने वाले लिंक रोड पर हरजीपुर के पास ग्रामीणों ने अतिक्रमण किया हुआ है। सड़क संकीर्ण होने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। अतिक्रमण के चलते कोहरे के सीजन में हादसों की आशंका बढ़ सकती है। खोरी निवासी दिनेश, महीपाल, राजेंद्र, प्रकाश, प्रवीन, हरजीपुर निवासी रमेश, कृष्ण व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में रहने वाले लोग सड़क किनारे पर र्इंधन डालते हैं। महिलाएं गोबर के ऊपले थापती हैं। इससे सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है। इस रोड से बड़ी संख्या में दोनों राज्यों के कई गांवों के लोगों का आवागमन होता है।


खोरी। हरजीपुर के पास सड़क पर किया गया अतिक्रमण। फोटो : हरिभूमि

### जल्द हटवाया जाएगा अतिक्रमण

लोक निर्माण विभाग के जेई राहुल ने बताया कि उन्हें अतिक्रमण की कोई जानकारी नहीं है। सड़क किनारे खड़ी झाड़ियों को साफ कराने का कार्य जल्द शुरू कराया जा रहा है। सड़क का मुआयना करने के बाद अतिक्रमण को भी हटवाया जाएगा। सड़क किनारे खड़े बड़े पेड़ों को कटवाने के लिए वन विभाग को पत्र लिखा हुआ है।

### कोहरे के दौरान होगी ज्यादा परेशानी

सर्दी की शुरूआत के बाद कोहरा भी जल्द शुरू हो सकता है। सड़क पर अतिक्रमण होने के कारण कोहरे के समय वाहन चालकों को रोड पर बनी पट्टी भी दिखाई नहीं देती। दोनों साइड की सफेद पट्टी अतिक्रमण के कारण दब चुकी है। इससे कोहरे के दौरान आपस में वाहनों के टकराने की आशंका बनी रहेगी। ग्रामीणों ने कोहरा शुरू होने से पहले अतिक्रमण हटवाने की मांग की है, ताकि समय रहते हादसों को टाला जा सके।

## खबर संक्षेप




### स्काउट्स का स्कूल में किया गया सम्मान

**खोरी।** स्थानीय एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 8 स्काउट्स ने 23 से 29 नवंबर तक लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में आयोजित ग्रैंड फिनाले ऑफ द डायमंड जुबिली जम्बोरी एवं 19वीं नेशनल जम्बोरी में विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था। सोमवार को स्कूल पहुंचने पर इन स्काउट्स का जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय पहुंचने पर छात्रों को भागीदारी प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।प्राचार्य जवारलाल दुहन ने बताया कि राष्टीय आयोजन में यमन श्योराण, भावेश कुमार, देवेश कुमार, पार्थ, भास्कर राव, दिपांशु श्योराण, जतिन तथा प्रिंस ने हिस्सा लिया था। विद्यालय की ओर से स्काउट मास्टर राजकुमार ने प्रतिनिधि के रूप में जम्बोरी में सहभागिता निभाई और पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों का मार्गदर्शन करते रहे। विद्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में दुहन ने सभी विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन न केवल विद्यालय के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह क्षेत्र के बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत भी है। उन्होंने जम्बोरी की थीम मिनी इंडिया का उल्लेख करते हुए कहा कि इस आयोजन ने बच्चों को देश की विविध संस्कृति, परंपराओं, अनुशासन और टीम वर्क का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया, जो उनके व्यक्तित्व विकास में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।



### कर्मचारी महासंघ की बैठक में गौरव बने कोसली तहसील के प्रधान

**कोसली।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ की एक चुनावी बैठक सोमवार को बिजली निगम स्थित मंदिर परिसर में हुई। चुनाव अधिकारी जिला प्रधान हीरालाल व जिला सचिव विक्रम यादव की मौजूदगी में कोसली तहसील, नाहड़, जाटूसाना, खोल व डहीना ब्लाक कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न हुए। सर्वसम्मति से हुए चुनाव में गौरव जेई को कोसली तहसील प्रधान, एलएम मंजीत को नाहड़ ब्लाक प्रधान,पीएच सजन को जाटूसाना ब्लाक प्रधान, एलएम जितेन्द्र को डहीना ब्लाक प्रधान व पीएच बिजेंद्र को खोल ब्लाक प्रधान चुना गया। इस अवसर पर चरणदास, राजबीर, हंसराज, दिनेश कुमार, जय सिंह, जयप्रकाश, सोनू, चन्द्रजीत, जयदीप व संदीप सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### कोसली को विकास खंड बनाने को लिखा सीएम को पत्र

**कोसली।** ग्रामीण क्षेत्रिय एजुकेशन सोसायटी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कोसली को नया विकास खण्ड बनाने की मांग की है। संस्था ने कहा है कि कोसली नवंबर 1989 में उपमंडल बना था। कोसली नया विकास खण्ड बनाने की सभी शर्ते पूरी करता है। कोसली के अतिरिक्त राज्य के सभी उपमण्डल मुख्यालय पर ब्लाक मुख्यालय भी है। केवल कोसली इसका अपवाद है। जहां पर ब्लाक मुख्यालय नहीं है। कोसली जब तक ब्लाक मुख्यालय नही बनेगा तब तक इसका विकास सम्भव नही है क्योंकि विकास की मूल ईकाई ब्लाक होता है। इससे इस क्षेत्र के विकास का भविष्य जुआ हुआ है। संस्था ने कहा है कि नाहड ब्लाक को यथावत रखते हुए जनहित, क्षेत्रहित व विकास हित में कोसली को नया विकास खण्ड बनाया जाना चाहिए। निकट भविष्य में सरकार हरियाणा में नये जिले बनाने जा रही है। इसके साथ ही कोसली को भी विकास खण्ड का दर्जा दिया जाये। संस्था ने पत्र की प्रतिलिपि पंचायत मंत्री, हल्के के विधायक व जिला उपायुक्त को भी भेजी है।